

# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 495 वर्ष 39

राँची, 30 सितम्बर, 2015

## कोल इंडिया अध्यक्ष द्वारा कार्य–निष्पादन की समीक्षा

कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री एस. भट्टाचार्य ने 28 सितम्बर, 2015 को मुख्यालय के "कोयला कक्ष" में सी.सी.एल. के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की। बैठक में कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक/आई.आर.) श्री आर. मोहन दास, सी.सी.एल. के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह, निदेशक(वित्त) श्री डी.के.घोष, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री पी.के.तिवारी, निदेशक(कार्मिक) श्री आर.एस.महापात्र, निदेशक(योजना व परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा, मुख्य सत्तर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद एवं कोल इंडिया के अधिकारीगण, सभी क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक सहित मुख्यालय के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में अध्यक्ष, कोल इंडिया ने कहा कि सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में सी.सी.एल. अपना सर्वश्रेष्ठ कार्य–निष्पादन कर रही है। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कंपनी के भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण सबंधी स्वीकृति की सीधी जानकारी ली एवं उन्होंने कोयले की गुणवत्ता और धुलाई, कोयला क्रशिंग पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने कंपनी के कोयला उत्पादन, प्रेषण, ओ.बी. रिमुवल, कोयला स्टॉक, पर्यावरण, वाशरी सहित अन्य बिन्दुओं के



कोल इंडिया अध्यक्ष श्री एस. भट्टाचार्या समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए

विषय में पावर प्वाइंट के माध्यम से विस्तार से अध्यक्ष, कोल इंडिया को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सी.सी.एल. वर्ष 2019–20 तक कोल इंडिया के 01 बिलियन टन कोयला उत्पादन तथा प्रेषण योजना की प्राप्ति हेतु अपना योगदान देने हेतु दृढ़संकल्पित है।

निदेशक (कार्मिक/आई.आर.), कोल इंडिया श्री आर. मोहन दास ने बैठक में अपने संबोधन में कहा कि सी.सी.एल. की वृद्धि दर श्रेष्ठ है, उन्होंने सी.सी.एल. कर्मियों को और बेहतर कार्य–निष्पादन के लिए प्रेरित किया।

## हिन्दी दिवस–सह–पुरस्कार वितरण समारोह




सीएमडी श्री गोपाल सिंह हिन्दी दिवस के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए

14 सितम्बर, 2015 को मुख्यालय में हिन्दी दिवस–सह–पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. प्रमथ नाथ मिश्रा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हमारे सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने की। इस मौके पर निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र एवं मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद भी उपस्थित थे।

विगत 01 से 14 सितम्बर तक मुख्यालय में राजभाषा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम जैसे कंप्यूटर पर हिन्दी टाईपिंग प्रतियोगिता, टिप्पण प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

इस अवसर पर माननीय विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार श्री पीयूष गोयल, कोयला सचिव (भारत सरकार) श्री अनिल स्वरूप तथा कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री एस. भट्टाचार्य के संदेश को सी.सी.एल. कर्मियों को पढ़ कर सुनाया गया।

अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी सी.सी.एल. कर्मी मौलिक रूप से हिन्दी में कार्य करें और संकल्प लें कि जितना भी हो सकेगा हिन्दी में कार्य करेंगे। हमें अपनी धरोहर यथा वेद, उपनिषद तथा संस्कृत भाषा को जानने की आवश्यकता है।

सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सी.सी.एल. में राष्ट्र के विभिन्न प्रदेशों के लोग कार्य करते हैं। सीसीएल के जो अहिन्दी भाषी कर्मी हैं उन्हें हिन्दी से जोड़ने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने अहिन्दी भाषीयों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन कर हिन्दी सीखने के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश भी दिया।

मुख्य अतिथि श्री मिश्र, अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र तथा मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद ने 01 से 14 सितम्बर तक राजभाषा संबंधित कार्यक्रमों के विजयी प्रतिभागीयों को पुरस्कृत किया। क्षेत्र में : प्रथम – कथारा क्षेत्र, द्वितीय – रजरप्पा क्षेत्र, तृतीय–कुजू क्षेत्र। मुख्यालय रांची में : प्रथम–भर्ती विभाग, द्वितीय– पेंशन विभाग, तृतीय–जनसम्पर्क विभाग। विशेष राजभाषा शिल्ड– प्रशासन विभाग को दी गई। मंच संचालन श्रीमती निवेदिता बनर्जी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन श्री वी.बी. उपाध्याय ने किया।

## जवाहर नगर क्लब में योग शिविर

विगत 29 सितम्बर, 2015 को जवाहर नगर क्लब में अर्पिता महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती प्रमिला सिंह ने सात दिवसीय योग शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में प्रशिक्षण श्री धर्मेंद्र सिंह (सन्यासी धर्म प्रेम) जी द्वारा दिया गया। अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि श्रीमती प्रमिला सिंह सहित विशिष्ट अतिथि श्रीमती रीता रेखा चन्द्रा भी उपस्थित थीं। यह योग शिविर विशेषकर महिलाओं एवं युवतियों के लिए आयोजित किया गया था।

## द्वितीय वार्षिक पीएसयू समिट् एवं अवार्डस 2015 – सीसीएल सम्मानित



सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं सीवीओ श्री अरबिन्द प्रसाद पीएसयू समिट् अवार्ड के साथ

विगत 26 अगस्त को लॉ मरीडियन होटल नयी दिल्ली में ईलेट टेक्नोमीडिया ने स्टैंडिंग कमिटी ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेस (स्कोप) की सहभागिता से द्वितीय वार्षिक पीएसयू समिट् एवं अवार्डस–2015 का आयोजन किया। कार्यक्रम में सीसीएल को "ई–टेंडरिंग और रिवर्स बिडिंग" में अनूठे और बेहतरीन सूचना संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के सफल उपयोग के लिए पुरस्कृत किया गया।

स्कोप के महानिदेशक श्री यू. डी. चौबे तथा ईलेट के अध्यक्ष डॉ. एम.पी.नारायणन ने सीसीएल के मुख्य सर्तकता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद को अवार्ड प्रदान किया।

## मुख्यालय में विश्वकर्मा पूजा

18 सितम्बर 2015 को मुख्यालय के विभिन्न विभागों – प्रिंटिंग प्रेस, चालक संघ, विद्युत यांत्रिकी सिविल, प्रणाली, इलेक्ट्रोनिक्स, सुरक्षा, विक्रय, कोटी प्रबंधन प्रयोगशाला विभागों में देव–शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर परंपरागत रूप से पूजा अर्चना की गई।



सीएमडी श्री गोपाल सिंह भगवान विश्वकर्मा के दर्शन करते हुए

सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह, निदेशक(वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री पी.के.तिवारी, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस.महापात्र, निदेशक (योजना एवं परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद, मुख्य–महाप्रबंधक/महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्षों ने मुख्यालय स्थित सभी पूजा पंडालों का भ्रमण कर प्रार्थना कि एवं भगवान विश्वकर्मा के दर्शन किये।

इस अवसर पर अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, श्री गोपाल सिंह ने सी.सी.एल. वृहद् परिवार एवं झारखंडवासियों को विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)